कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

www.nnindianews.com

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र

वर्ष :03, अंक :-272, पृष्ठ : 12 | मूल्य- 04.00 रुपये मात्र | गुरुवार, 11 अप्रैल, 2024




आज देशभर में ईद-उल-फितर धूमधाम से मनाई जा रही है। कल देश में शव्वाल महीने का चांद नजर आया। गुरुवार को ताजमहल स्थित मस्जिद में काफी संख्या में लोग पहुंचे और एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद पर मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह में ईद की नमाज अदा कर अमन की दुआ मांगी।

## सांसद मलूक नागर आरएलडी में शामिल

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण का चुनाव प्रचार जोरों पर है। इस बीच नेताओं के दलबदल का भी सिलसिला जारी है। ताजा मामला बिजनौर का है जहां के सांसद मलूक नागर ने बसपा से इस्तीफा देने के कुछ घंटे के भीतर राष्ट्रीय लोक दल में शामिल हो गए। दिल्ली में मलूक नागर को जयंत चौधरी ने पार्टी में शामिल कराया। राष्ट्रीय लोक दल में शामिल होने के बाद मलूक नागर ने जयंत चौधरी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि पिछले 39 सालों से हम लोग लगातार विधायक और सांसद बनते आ रहे हैं।

## मुबारकबाद/अवकाश सूचना

सभी देशवासियों को न्यूज नैक्स्ट इंडिया (एनएनआई) परिवार की ओर से ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद। अमन-चैन के इस त्योहार पर एनएनआई के कार्यालय में शुक्रवार 12 अप्रैल को अवकाश रहेगा। अगला अंक 13 अप्रैल को प्राप्त होगा।

# स्कूल बस पलटी 6 बच्चों की मौत

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ में एक भीषण हादसा हुआ, जिसमें 6 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई है। यहां आज सुबह एक स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में करीब 35 से 40 बच्चे सवार थे। हादसे के बाद इनमें से 6 बच्चों की हालत गंभीर थी, जिन्हें नजदीकी अस्पताल भेजा गया, लेकिन 5 बच्चों की तब तक मौत हो चुकी थी. इन 6 बच्चों में से एक गंभीर रूप से घायल था, जिसे इलाज के दौरान वेंटिलेटर पर रखा गया. हालांकि, कुछ देर बाद 6वें बच्चे ने भी दम तोड़ दिया।



पुलिस के मुताबिक हादसा महेंद्रगढ़ जिले के कनीना कस्बे में हुआ है। यह बस निजी स्कूल जीएल पब्लिक स्कूल की थी। बताया जा रहा है कि आज सरकारी छुट्टी के दिन भी स्कूल लगाया जा रहा था और बच्चों को लेने के लिए स्कूल से बस भेजी गई थी। जानकारी के मुताबिक हादसे के बाद स्थानीय लोग तत्काल मौके पर पहुंच गए थे। स्थानीय लोगों का दावा है कि बस चालक नशे की हालत में था। कुछ देर बाद पुलिस और प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायल बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।












# पीएफएस सतेन्द्र तोमर को वन विज्ञान में प्रवीण उपाधि

- वन्य जीव-बदलाव चुनौतियां एवं प्रबंधन पर लिखी पुस्तक का विमोचन

एनएनआई



**बाह।** पीओ साइंटिस्ट, असिस्टेंट कमांडेंट और रिलायंस में जनरल मैनेजर के बाद भदरौली के सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर महाराज सिंह, कस्तूरी सिंह के बेटे सतेन्द्र तोमर का यूपी पीसीएस में चयन हुआ था। उत्तर प्रदेश प्रांतीय वन सेवा (पीएफएस) 2018 बैच के अधिकारी सतेन्द्र तोमर केंद्रीय अकादमी राज्य वन सेवा कोयंबतूर में 2 साल से प्रशिक्षणरत थे। प्रविक्षाधीन अवधि समाप्त होने पर मंगलवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में सतेन्द्र तोमर को वन विज्ञान में डिप्लोमा की प्रवीण उपाधि दी गई। प्रशिक्षण के दौरान 32 राज्यों के नेशनल पार्क, वन्य जीव अभ्यारण, टाइगर रिजर्व, चिड़ियाघर का भ्रमण किया था। उनके द्वारा लिखित 'मिजार्पुर के वन्य जीव-बदलाव चुनौतियां एवं प्रबंधन' पुस्तक का विमोचन उत्तराखंड बायोडायवर्सिटी बोर्ड के अध्यक्ष श्री धनंजय मोहन द्वारा किया गया। सतेन्द्र तोमर ने बताया कि मिजार्पुर के वन्य जीव एवं विविधता, संबंधित चुनौतियां एवं खतरे, बदलाव एवं प्रबंधन पर आधारित है। अकादमी द्वारा पुस्तक प्रकाशन के लिए चुनी गई थी।

इस दौरान वन शिक्षा निदेशक अनुराग भारद्वाज, अकादमी के प्राचार्य एवं निदेशक वी थिरुनावकरसु मौजूद रहे। दीक्षांत समारोह के बाद उप्र भागीय वनाधिकारी के रूप में तैनाती मिलेगी। सतेन्द्र सिंह तोमर की उपलब्धि पर पूर्वमंत्री अरिदमन सिंह, विधायक पक्षालिका सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख लाल सिंह चौहान, , डॉ वीर बहादुर सिंह, उमेश सिसौदिया, अजयपाल सिंह, उमाशंकर गुप्ता आदि ने बधाई दी है।

# दोस्त के साथ मिलकर पहली बार ही की थी कैंटर चोरी, गिरफ्तार

- पुलिस पुलिस ने चोरी के 24 घण्टे में पकड़ा चोर

एनएनआई




**खंदौली।** थाना क्षेत्र के नंदलालपुर से चुनाव डयूटी में लगी कैंटर गाड़ी को अज्ञात चोर सोमवार की रात्रि को तोमर होटल से चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने गाड़ी में लगे जीपीएस की मदद से गाड़ी की लोकेशन प्राप्त कर गाड़ी को एक चोर सहित रामपुर से बरामद कर लिया वही चोर का दोस्त भाग जाने में सफल रहा। पुलिस उसकी तलाश कर रही है आगरा शहर के थाना जगदीशपुरा निवासी पूरन सिंह की कैंटर गाड़ी लोकसभा चुनाव में अध्यापकों को ट्रेंनिग सेंटर पर लाने ले जाने के लिए चुनाव डयूटी में लगी थी।

गाड़ी को खंदौली के गांव नन्दलालपुर निवासी किलोचन्द चलाता था। किलोचन्द सोमवार की शाम को डयूटी खत्म होने के बाद अपने घर नन्दलालपुर ले आया था और आगरा अलीगढ हाईवे पर स्थित तोमर होटल पर खड़ी कर अपने घर सोने के लिये चला गया था। मंगलवार की सुबह जब गाड़ी को वहां न पाकर किलोचन्द और गाड़ी मालिक ने थाना खंदौली में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होते ही पुलिस ने गाड़ी में लगे जीपीएस के माध्यम से गाड़ी की लोकेशन रामपुर ट्रेस कर ली तत्काल ही टीम रवाना कर गाड़ी को चोर पिंटू सहित गाड़ी को बरामद कर लिया।वही चोर पिंटू ने बताया है कि उसने दोस्त के साथ कैंटर चोरी की थी जिसे वह बेचने के लिये दिल्ली ले जा रहे थे।

उससे पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष राजीव कुमार सोलंकी ने बताया है कि कैंटर को 24 घण्टे से पहले ही बरामद कर लिया है और चोर को जेल भेजा जा रहा है उसके साथी को गिरफ्तार करने के लिए दविश दी जा रही है।



# एचटी लाइन के तार टूटकर गिरने से उठी चिंगारी से 6 बीघा रकवे में गेंहू की फसल जली

एनएनआई

**बाह।** बासौनी के हरलाल पुरा गांव में बुधवार को खेत के ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन के तार टूटकर गिरने से चिंगारी उठी। जिससे रनवीर सिंह के 6 बीघा रकवे में गेंहू की खड़ी और कटी पड़ी फसल में आग लग गई। खुद बुझाने में जुटे किसानों की सूचना पर बाह से पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। किसान रनवीर सिंह ने बताया कि एचटी लाइन के तार टूटकर गिरने से खेत में आग लगी थी। उन्होंने प्रशासन से नुकसान का आंकलन कर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

# मंदिरों में देवी दर्शन पूजन को श्रद्धालुओं की कतार

**(एनएनआई) बाह।** चैत्र नवरात्र पर मंगलवार को पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा हुई। बाह, जैतपुर, बटेश्वर, भदरौली, जरार, पुराकनेरा, बासौनी, कचौराघाट, शाहपुर ब्राह्मण, चित्राहाट, नंदगवां, गुमानसिंह पुरा, हरलालपुरा के देवी पांडाल और मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए दिन भर भक्तों की कतार लगी रही। व्रती महिलाओं ने हवन यज्ञ के बाद देवी मंदिर में जल और प्रसाद चढ़ाया। सांझ ढले देवी दरबार में आयोजित हुए जागरण में भजन कीर्तन हुए, देवी की आरती उतारी गई। चैत्र नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिर सज गये। दर्शन, पूजन, परिक्रमा और मुंडन के लिए देवी भक्त उमड़ने लगे हैं। बटेश्वर में महाभारत कालीन राजमाता मंदिर पर हवन, यज्ञ, पूजन के लिए दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भदरौली में कैला देवी की छोटी बहन भगवती देवी के मंदिर में आकर्षक सजावट की गई है। मंदिर के प्रबंधक दिग्विजय सिंह तोमर ने बताया कि पहले दिन मंदिर की परिक्रमा और पूजन के लिए बड़ी तादाद में श्रद्धालु पहुंचे।

नहटौली के मंशा देवी मंदिर, जैतपुर के नेमा देवी मंदिर, बाह के पथवारी माता मंदिर, जरार के कैला देवी मंदिर, नौनेरा, उगनपुरा, बिजौली, पुरा कनेरा, नहरौलीपुरा, नरहौली, प्रतापपुरा, गुमानसिंह पुरा के देवी मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गये हैं।

# एसडीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ की बैठक, मूलभूत संसाधनों की रिपोर्ट तलब



एनएनआई

**बाह।** बाह की एसडीएम सृष्टि ने विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर बूथों पर उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की। बूथों पर पेयजल, बिजली, रेंम्प, शौचालय की स्थिति के बारे में पूछताछ की। कमोवेश संसाधन उपलब्ध होने की बात सामने आने पर उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट से मतदान से पहले पुनः समीक्षा की रिपोर्ट तलब की है। खंड विकास अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों को कमियों को तत्काल प्रभाव से दूर करने की हिदायत दी है।

समीक्षा बैठक में तहसीलदार प्रवेश कुमार, एसीपी बाह गौरव सिंह, एसीपी बासौनी अशोक कुमार सिंह, बीडीओ अतिरंजन सिंह आदि मौजूद रहे।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित
**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**
RNI Title Code no UPHIN49797
**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**
E MAIL newsnextindia1@gmail.com
Website:-www.nnindianews.com
**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

राम जी भंडारे वाले
थाली पूरी 45/-

8 पूरी, 2 सब्जी, रायता, अचार, मिठाई (पैठा/पेड़ा)
पैकिंग चार्ज 5 रु अतिरिक्त
50 पैकिट से ऊपर ऑर्डर पर डिलीवरी निःशुल्क
भंडारा (रिफाइंड)
50 किलो / 11000, 100 किलो / 19000 Rs
भंडारा (देसी घी)
50 किलो / 17000, 100 किलो / 27000 Rs
Mob : 8218820638, 9368713881
फ्रेंड्स टॉवर, संजय प्लेस, आगरा

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

न्यूज नेक्स्ट इंडिया

03

अपना आगरा

गुरुवार, 11 अप्रैल, 2024 www.nnindianews.com

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र





# ईद मुबारक: सजदे में झुके सिर

## शहर से देहात की मस्जिदों में अता की गई नमाज, अमन चैन की मांगी दुआएं

एनएनआई



**आगरा।** एक माह चले पवित्र रमजान के बाद कल शाम को आखिर ईद के चांद के दीदार हो गया। चांद के दीदार के साथ ही ईद की खुशियां फिजा में फैल गई। आज सुबह से ही ईद का त्योहार ताजनगरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। भाईचारे और एकता की मिसाल पेश करने वाले इस त्योहार को देशभर के मुसलमान भाई-बहन पूरे उत्साह और खुशी के साथ मना रहे हैं। ईद के मौके पर शहर के विभिन्न हिस्सों में लोग मस्जिद में जाकर नमाज अता कर रहे हैं। हजारों की संख्या में देश की खुशहाली की दुआ मांगी गई। आगरा की जामा मस्जिद ,ताजमहल, ईदगाह में ईद के खास मौके पर बड़ी तादाद में नमाजियों ने नमाज अता की। इस दौरान अभूतपूर्व उत्साह और खुशी के साथ चहल-पहल देखी गई।

सुबह से ही मुसलमान भाई ईद की नमाज अदा करने के लिए ताजमहल की मस्जिद में जमा हुए। उन्होंने इस दौरान देश-दुनिया में अमन-चैन की दुआएं मांगी। एक-दूसरे के गले मिलकर उन्होंने ईद की मुबारकबाद भी दी।

गुरुवार को ताजमहल की मस्जिद पर हजारों लोगों ने नमाज अता की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाया और ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान लोगों ने मेरठ और सहारनपुर में शांति की दुआएं भी मांगी।ताजनगरी में शाही ईदगाह, शाही जामा मस्जिद, पंचकुइयां कब्रिस्तान, अकबरी मस्जिद, मरकज टाल हबीबुल्लाह, मस्जिद मोतमद खां, मस्जिद ताजमहल, शाही मस्जिद (कलां) साबुन कटरा, शाही मस्जिद (लोहा मंडी), मस्जिद नूरानी (नूरी दरवाजा), मस्जिद जाल फुलट्टी, मस्जिद दरगाह सैयदना अबुल उला, मस्जिद रफी उल जमा (राजामंडी), मस्जिद शम्सी कॉलोनी, सिकंदरा, मस्जिद अबू बक्र, लोहामंडी, मस्जिद इब्राहीमी, सैफी नगर, शिया ईदगाह भोगीपुरा शाहगंज, जामा मस्जिद मीर नियाज अली शाहगंज, मस्जिद मीर अकबर अली शाहगंज, मस्जिद आगा साहिब गुदड़ी मंसूर खां में अकीदतमंदों ने नामज अदा की।

ईद पर नमाजियों ने गरीबों में तोहफे बांटे। उन्हें सेवई भी खाने को दी। इस दौरान जामा मस्जिद, ईदगाह, संदली मस्जिद आदि पर ईदी लेने वालों का हुजूम लग गया। नमाजियों ने पाक महीने में गरीबों को खैरात देकर अल्लाह की रहमत पाई।


ईद के मौके पर आज शहर में कड़ी सुरक्षा रही। मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहा। इसके अलावा ड्रोन से भी निगरानी की गई। ईद के मौके पर सिविल डिफेंस के पदाधिकारियों ने मस्जिद की सुरक्षा व्यवस्था संभाली। मुस्लिम इलाकों में मेले सा नजारा दिखा। खेल खिलौने की दुकानें जहां सजी थी, वहीं विभिन्न तरह के झूलों पर बच्चे झूला झूलते नजर आए। मंटोला, नाई की मंडी, गुदड़ी मंसूर खां, वजीरपुरा, कश्मीरी बाजार, लोहामंडी, नरीपुरा आदि क्षेत्रों में मेलों में सजी दुकानों पर महिलाओं और बच्चों ने खूब खरीदारी की।




## सीकरी में भी अता की गई नमाज

**फतेहपुर सीकरी।** गुरूवार को कस्बा व देहात मे ईद का पर्व मनाया गया। सुबह से ही ईदगाह और मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। तत्पश्चाप एक दूसरे को गले मिल ईद की मुबारकबाद दी। बता दें कि कस्बे के बुलंद दरवाजा परिसर में स्थित शाही जामा मस्जिद के साथ-साथ कस्बे की अन्य मस्जिदों में हजारों की संख्या में मुस्लिम वर्ग के लोगों ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। इसके बाद बच्चों बुजुर्गो सहित सभी ने एक दूसरे के गले मिल ईद की मुबारकबाद दी। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र दहिया पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। कस्बे की सभी मस्जिदों पर पुलिस के जवान तैनात नजर आए।

## वतन में अमन चैन के लिए अदा की ईद उल फितर पर नमाज



**शमसाबाद।** वतन में अमन चैन के लिए मुस्लिम समाज ने ईद उल फितर पर नमाज अदा की। दिन बुधवार की शाम ईद का चांद नजर आते ही देश भर में ईद उल फितर की धूम होने लगी। कई जगह लोगों ने आतिशबाजी भी की। शमसाबाद में मुस्लिम समाज ने 30 रमजान के बाद भाईचारे की मिसाल ईदगाह पर ईद उल फितर की नमाज अदा की। वतन में अमन चैन के लिए दुआएं मांगकर एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह के आसपास सभी मुस्लिम समाज के लोग ईद की खुशी जाहिर करते हुए नजर आए। ईदगाह पर जामा मस्जिद के इमाम निजामुद्दीन मिस्बाही अपने पीछे सभी नमाजियों को नमाज अदा कराई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आला अधिकारी और थाना अध्यक्ष शमसाबाद वीरेशपाल गिरी पुलिस बल के साथ तैनात रहे। वहीं राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी इस पर्व पर गले मिलकर बधाई दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओम करन, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अवनीश कांत गुप्ता, अधिशांसी अधिकारी डी एस वर्मा, पूर्व विधायक डॉ राजेंद्र सिंह, प्रमुख समाजसेवी शिशुपाल सिंह धाकरे, अंसार पहलवान, ताज कुरैशी, श्रीकांत, रवि सविता आदि मौजूद रहे।

# स्कूल की मनमानी पर फूटा आक्रोश

## सेंट कॉनरेड्स के बाहर पापा संस्था व अभिभावकों का प्रदर्शन, 2 मांगों पर बनी सहमति बाकी पर शिक्षा विभाग लेगा निर्णय, अभी नहीं लेंगे फीस

एनएनआई

आगरा। स्कूलों द्वारा मनमानी फीस बढ़ाने और किताबों को महंगे दामों में बेचने पर अब अभिभावकों में आक्रोश छा गया है। उन्होंने हाइवे स्थित सेंट कॉनरेड्स स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इस दौरान सूचना पर पहुंची बीएसए की गाड़ी का घेराव कर अपनी मांगें रखीं।

परेशान अभिभावक पापा संस्था के दीपक सिंह सरीन के नेतृत्व में सेंट कॉनरेड्स के कॉलेज गेट पर ही धरने पर बैठ गए, अभिभावक जब धरना देने पहुंचे तो कॉलेज के गेट के अंदर से बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय की गाड़ी निकल रही थी अंदर क्या समाधान निकला इसको लेकर सभी अभिभावकों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी की गाड़ी को रोक लिया और उनसे त्वरित समाधान की मांग करी। कॉलेज प्रबंधन के द्वारा अभिभावकों की मांगे ना माने जाने पर धरना लगातार जारी रहा। कई बार अभिभावकों की पुलिस से भी झड़प हुई, शांत रूप से अपना धरना दे रहे अभिभावकों को पुलिस ने गिरफ्तारी का भय दिखाकर उकसाने की भी कोशिश की।



बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा दोपहर में फिर से नगर खंड शिक्षा अधिकारी सुमित कुमार सिंह को उनकी टीम के द्वारा भेजा गया, शाम 6 बजे, कई वार्ता के उपरांत कॉलेज प्रबंधन ने समक्ष यह आश्वासन दिया कि किसी भी अभिभावक को फीस भरने के लिए दबाव नहीं दिया जाएगा शिक्षा विभाग से तय हो जाने के बाद कि कितनी फीस ले सकते हैं उसके बाद ही अभिभावकों से फीस ली जाएगी और अगर इसमें समय भी लगता है तो अभिभावकों से किसी प्रकार की लेट फीस भी नहीं ली जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि अभिभावक अपनी मर्जी से स्कूल की किताबें खरीद सकता है। छूट की बात पर उन्होंने कहा कि फादर से आने के बाद इस पर एक बार और चर्चा की जाएगी। आज के धरने में प्रमुख रूप से दीपक वर्मा, मनोज गोयल, शैलेंद्र सिकरवार, दिग्विजय शर्मा, आशुतोष वर्मा, राधा सिंह, कल्पना चावला, रितु अग्निहोत्री, नीलम वर्मा आदि शामिल रहे।

## बादल छाने और बारिश के आसार

आगरा एनएनआई। जिले में मौसम विभाग ने बादल छाने और बारिश के आसार जताए हैं। 13 अप्रैल को हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग का अनुमान है कि दो दिन बादल छाए रहेंगे। 13 और 14 अप्रैल को तेज बारिश के आसार है। तापमान में भी गिरावट आएगी। अधिकतम तापमान 36 डिग्री के करीब रहेगा।

## शाहजहां गार्डन सहित तीन जगह लगी आग

एनएनआई

आगरा। शाहजहां गार्डन, नाई की मंडी और एमजी रोड के किनारे लगे बिजली के खंभे में बुधवार को आग लग गई। काछीपुरा के एक मकान में आग लगने पर परिवार के सदस्यों ने घर से बाहर भाग कर जान बचाई। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। तब तक मकान में रखा सामान जल चुका था। गार्डन में भी पेड़ों को काफी नुकसान हुआ।

ताज सुरक्षा प्रभारी तिलक भाटी ने बताया कि बुधवार की शाम करीब 6 बजे पुरानी मंडी से नीम तिराहे के बीच शाहजहां गार्डन में आग लग गई। पुलिस ने कर्मचारियों के सहयोग से 30 मिनट में आग पर काबू पा लिया। आशंका है कि किसी युवक ने पटाखा चलाया था। उससे निकली चिंगारी से आग लगी है। जांच की जा रही है। दूसरी घटना काछीपुरा निवासी दिनेश सिंह के दो मंजिला मकान में दोपहर 12 बजे आग लग गई। कुछ ही देर में घर से आग की लपटें उठने लगीं। परिवार के सदस्यों ने बाहर भाग कर जान बचाई। शोर सुनकर आए लोगों ने पानी डालकर घर में रखे दो गैस सिलिंडरों को बाहर निकाला। सूचना पर दमकल की दो गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गईं।



एफएसओ सोमदत्त ने बताया कि करीब बीस मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग में एसी, अलमारी, संदूक, कपड़े और बिस्तर आदि सामान जल गया है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। दोपहर को आगरा कॉलेज के सामने बिजली के खंभे में लटके तारों में आग लग गई जिससे एमजी रोड पर निकलने वाले राहगीर दहशत में आ गए।

# आंबेडकर जयंती को लेकर 4 दिन रहेगा रूट डायवर्ट

आगरा एनएनआई। शहर में भीम नगरी शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने 14 अप्रैल को यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुगम बनाए रखने के लिए रास्तों पर प्रतिबंध लगाए हैं, तो वहीं कई मार्गों को डायवर्ट किया गया है

पुलिस द्वारा जारी ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार 14 अप्रैल यानी रविवार की रात कोई भी भारी वाहन शहर में प्रवेश नहीं करेगा। इन वाहनों को परिवर्तित मार्ग से निकाला जाएगा। बाहरी मार्गों के साथ जाम की स्थिति से निपटने के लिए आंतरिक मार्गों को भी परिवर्तित किया गया है। वीकेंड होने के कारण यदि आप भी बाहर घूमने का प्लान बना रहे है तो घर से निकलने से पहले पुलिस द्वारा जारी ट्रैफिक एडवाइजरी जरूर चेक करें।

### शोभायात्रा पर जारी ट्रैफिक एडवाइजरी

बता दें कि भीम नगरी शोभायात्रा को देखते हुए आंतरिक और बाहरी यातायात व्यवस्था को चलाने के लिए कई मार्गों पर डायवर्जन बनाए गए हैं। इतना ही नहीं इस बीच बिजलीघर संचालित बसों को 14 अप्रैल की दोपहर में रामलीला मैदान में खड़ा किया जाएगा।

### आंतरिक मार्ग पर बना डायवर्जन

चक्कीपाट से आंबेडकर भवन की ओर जाने वाले वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है

विक्टोरिया पार्क, अमर सिंह गेट की तरफ से बिजलीघर चौराहे पर भी वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है।

चीलघर चौराहे से बौद्ध विहार और औलिया रोड बिजलीघर की तरफ वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

छीपीटोला टंकी चौराहे से बिजली घर जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

सदर भट्टी, मीरा हुसैनी से महीना होटल तिहारा और चिम्मनपूड़ी चौराहा और बिजली घर जाने वाले वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है।

रावली मंदिर गांधी प्रतिमा तिराहे से काजीपाड़ा और हाथी घाट से दरेसी नबंर एक व दो, रावतपाड़ा की ओर वाहनों के जाने पर प्रतिबंध है।

हरीपर्वत चौराहे से सेंट जोंस चौराहे से आने वाले वाहनों को शोभायाक्षा के दौरान सुभाष पार्क तिहारे पर रोक जाएगा।

इमरजेंसी तिहारे और हींग की मंडी तिराहे से फव्वारा की ओर वाहनों के जाने पर रोक है।

शोभायात्रा के समय धाकरान चौराहे से सदर भट्टी व कलेक्ट्रेट से सदर भट्टी की ओर जाने वाला सामान्य यातायात बंद रहेगा। ईदगाह बस स्टैंड से संचालित होने वाली बसें एमजी रोड पर नहीं चलेंगी।

एनएच 2 से आने वाली बसें वाटर वर्क्स, जीवनी मंडी, यमुना किनारा, बालू गंज पुलिस चौकी, माल रोड,, क्लब चौराहे से सुल्तानपुर होकर ईदगाह बस स्टैंड की ओर जाएंगी।

ग्वालियर, जयपुर से आने वाली बसें रोहता नहर से मलपुरा होकर खेरिया मोड़ ईदगाह से आवागमन करेंगी। कलक्ट्रेट तिहारा रावली मंदिर के तरफ से वाहन आगे बढ़ सकते हैं। विक्टोरिया से श्मशान घाट होते हुए यमुना किनारा से फोर्ट स्टेशन से आगे बढ़ सकते हैं।

## Notice

I HAVE change my daughter name **Ditya** to **Km.Shamisha.** but in all documents her name is Ditya.The name of Ditya and Shamisha is same girl. Henceforth it will be known as **Km.Shamisha** in future for all purposes.

**Neha w/o Devendra singh R/o 120M.I.G. jawaharpuram Albatiya Road, Shahganj, Agra. U.P. 282010**

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन






कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना आगरा

05

गुरुवार, 11 अप्रैल, 2024 www.nnindianews.com

हर खबर पर पक्की नजर

*आगरा संसदीय सीट की रणभेरी बज चुकी है, दो दिन बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। जहां बघेल के समर्थन में सीएम योगी के अलावा कई भाजपा नेता प्रचार कर चुके हैं वहीं दोनो विपक्षी दलों के प्रत्याशीयों पर संशय अभी भी बना हुआ है। एनएनआई से नाम न छापने की शर्त पर सपा व बसपा के नेताओं ने स्वीकार किया है कि घोषित प्रत्याशियों के नाम में फेरबदल हो सकता है। जिसके चलते इंडिया गठबंधन में आपसी सामंजस्य नही बन पा रहा है वहीं बसपा कार्यकर्ता मायूस हैं। दूसरी तरफ भाजपा के प्रत्याशी जो पूर्व में दोनो पार्टियों ( सपा व बसपा से) साँसद रह चुके हैं,,उनकी रणनीति से वाकिफ भी हैं और चुनावी तौर तरीकों से भी। बघेल का केंद्रीय कार्यालय के साथ लगातार विधानसभा के कार्यालय व चुनाव प्रबंधन टीम बन चुकी हैं। सपा और बसपा के अलग अलग लड़ने के चलते बघेल अपनी जीत को पिछली बार से बड़ी मान रहे हैं। हालांकि जानकारों का कहना है कि जलेसर से उनकी चिंता बनी हुई है। रोजा इफ्तार की पार्टी में जाकर बघेल ने मुस्लिम वोटों में सेंधमारी की शुरूआत कर दी है।*

# प्रो. बघेल को चुनौती देगा कौन !

एनएनआई

**आगरा।** लोकसभा चुनाव में आगरा सुरक्षित सीट से केन्द्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल के सामने मैदान में बसपा ने पूजा अमरोही को उतारा है। वह कांग्रेस की सांसद रहीं सत्या बहन की बेटी हैं। वहीं सपा इस सीट पर सुरेश चंद कर्दम को उतारा है। ऐसे में प्रो. बघेल को कोई चुनौती देता नजर नहीं आ रहा है। प्रो. बघेल की फिर से उम्मीदवारी से आगरा सुरक्षित सीट चुनाव के नजरिए से वीआईपी सीट में शुमार हो गई है। अब सवाल यह है कि बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही और सपा प्रत्याशी सुरेश चंद कर्दम प्रो. बघेल के सामने कितनी दमदारी के साथ ठहर पाएंगे, यह तो भविष्य के गर्भ में है। आगरा में तीसरे चरण में चुनाव होगा। प्रचार के मामले में भाजपा दोनों दलों से बहुत आगे है। वहीं सपा-बसपा प्रत्याशियों का प्रचार अभी कहीं नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में लोग आगरा लोकसभा सीट पर तस्वीर साफ मान रहे हैं। दलितों की राजधानी का तमगा लिए आगरा लोकसभा सीट अस्सी के दशक तक कांग्रेस का गढ़ रही है। आगरा में पहली बार 1952 में लोकसभा चुनाव हुआ था। यहां से लगातार पांच बार कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव जीता। कांग्रेस को 1977 में झटका लगा और वह चुनाव हार गई। कांग्रेस ने 1980 में फिर वापसी की। इसके बाद भाजपा के भगवान शंकर रावत ने कांग्रेस के गढ़ में सेंध लगाई। वह लगातार तीन बार इस सीट से सांसद चुने गए। तब से यह सीट भाजपा का गढ़ कहलाने लगी। हालांकि उन्हें चुनौती सिनेस्टार और समाजवादी नेता राजबब्बर ने दी। राजबब्बर दो बार सीट पर सपा सांसद रहे, लेकिन वह उनकी खुद की छवि की जीत थी। हालांकि दलितों की राजधानी कहलाने वाली इस सीट पर बसपा अभी तक जीत के लिए तरस रही है। बसपा ने इस बार पूजा अमरोही को मैदान में उतारा है, लेकिन यह अंजान चेहरा चुनाव में प्रो. बघेल को कितनी चुनौती दे पाएंगी, यह आने वाला समय ही बताएगा। वहीं सपा ने शू कारोबारी सुरेश चंद कर्दम को प्रत्याशी बनाया है। आगरा लोकसभा सीट के लिए 12 अप्रैल से नामांकन शुरू होने जा रहे हैं, लेकिन अनूसचित वर्ग के लिए आरक्षित आगरा की सीट पर भाजपा को छोड़ दें तो अभी तक सपा और बसपा कहीं मैदान में दिखाई नहीं दे रहे हैं।

- आगरा (सु) से पूजा अमरोही हैं बसपा प्रत्याशी
- समाजवादी पार्टी ने सुरेशचंद कर्दम पर खेला दांव







## नहीं खुला बसपा का खाता

**हैरान** करने वाली बात ये है कि इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी का खाता तक नहीं खुल पाया। हालांकि कई चुनाव में बसपा दूसरे नंबर की पार्टी जरूर बनकर रही है।

## भाजपा के कब्जे में हैं पांचों विधानसभाएं

**आगरा** सुरक्षित लोकसभा में पांच विधानसभा सीटें छावनी, आगरा उत्तर, आगरा दक्षिण, एत्मादपुर और जलेसर शामिल है। पांचों विधानसभाओं में भाजपा का कब्जा है। छावनी से भाजपा के डॉ जीएस धर्मेश विधायक हैं। आगरा उत्तर से पुरुषोत्तम खंडेलवाल और आगरा दक्षिण से केबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय विधायक हैं। एत्मादपुर विधानसभा भाजपा के डॉ. धर्मपाल सिंह और जलेसर विधानसभा सीट से भाजपा के संजीव कुमार दिवाकर विधायक हैं। इस लिहाज से भाजपा प्रत्याशी मजबूत स्थिति में हैं।

## इस सीट पर 19 लाख से अधिक मतदाता हैं

**आगरा** लोकसभा सीट पर 1904698 वोटर हैं। इनमें 864520 महिला और 1040090 पुरुष वोटर हैं। इस सीट को दलित और मुस्लिम वोटरों का गढ़ माना जाता है। इसके बाद भी बसपा को यहां अभी तक जीत का स्वाद नहीं मिला। आगरा में करीब 3.15 लाख वैश्य वोटर हैं। अनुसूचित जाति के करीब दो लाख 80 हजार वोटर हैं। जबकि मुस्लिम मतदाताओं की संख्या दो लाख 70 हजार के करीब है। वहीं एक लाख 30 हजार बघेल वोटर हैं। इसके अलावा जैन 1.04 फीसदी, सिख 0.62 फीसदी, ईसाई 0.19 फीसदी और बौद्ध 0.19 फीसदी हैं। वर्तमान में इस सीट से एसपी सिंह बघेल सांसद हैं। दलित-मुस्लिम वोटरों के सहारे बसपा चार बार दूसरे और चार बार तीसरे नंबर पर रही है।

## भाजपा का 2009 से कब्जा बरकरार

**आगरा** लोकसभा सीट पर 1952 से 1975 तक कांग्रेस का कब्जा रहा। कांग्रेस के सेठ अचल सिंह से लेकर निहाल सिंह जैन तक सांसद रहे। 1989 में यह सीट जनता दल के कब्जे में चली गई और अजय सिंह सांसद बने। राम मंदिर लहर में पहली बार 1991 में भाजपा का खाता खुला और 1996, 1998 तक लगातार भाजपा के भगवान शंकर रावत चुनाव जीते। इसके बाद यह सीट सपा के खाते में चली गई। फिल्म स्टार राज बब्बर यहां से 1999 और 2004 में चुनाव जीते। यह जीत सपा की नहीं बल्कि राजबब्बर की छवि की जीत थी। 2009 में भाजपा के डॉ. रामशंकर कठेरिया जीते। वह दो बार यहां से सांसद चुने गए। भाजपा को लगा कि पार्टी से तो जनता की मोहब्बत बरकरार है, लेकिन सांसद के कामकाज से लोग खफा हैं। इसलिए 2019 में प्रत्याशी बदल कर प्रो. एसपी सिंह बघेल को यहां से मैदान में उतारा गया। वह जीते और केन्द्र में मंत्री भी बने। इस चुनाव में उनकी प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

## आगरा के मुददों को काम का इंतजार

जातीय गुणा-गणित के अलावा आगरा के कई बड़े मुद्दे भी हैं जो चुनाव के दौरान उठते हैं, लेकिन उनके पूरे होने का इंतजार जनता को आज भी है। यहां पेठा, दालमोठ जैसे व्यवसाय की तरह चमड़े के जूते का कारोबार भी परंपरागत तौर पर होता आ रहा है। इसके अलावा बड़े स्तर पर औद्योगिक विकास की मांग लंबे समय से उठ रही है। ताजमहल पर्यटकों से आय दे रहा है, लेकिन यहां यह मांग उठ रही है कि ताज क्षेत्र से हटकर अलग एक औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाए। अत्यधिक फ्लोराइड वाले खारे पानी की समस्या का समाधान के अतिरिक्त अनेकों इलाके प्यासे ही हैं। बैराज की मांग गहरे गर्त में डूब गई लगती है। गंगाजल तो आया पर आज भी प्राचीन यमुना अपनी बदहाली व अनदेखी पर सिसक रही है। इतना बड़ा पर्यटन स्थल होने की वजह से यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने की मांग उठ रही है जिस पर सिर्फ लॉलीपॉप जैसे अस्वाशन मिलते हैं, नेक चुनाव से पहले 6 शहरों की फ्लाइट में से तीन की उड़ान बन्द कर दी गई है। अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा हो या सिविल एविएशन कई बार योजनाएं बनीं, जमीन चिह्नित की गई, लेकिन उस पर काम नहीं हुआ। अदद समय व सस्ता न्याय को खंडपीठ की उम्मीद लगातार खंड खंड होती रही हैं और आज भी यह मांग बिना आवाज के चीख रही है। आधुनिक चिकित्सा की सुविधा की मांग को लेकर एम्स सरीखे सुधार को एस एन मेडिकल कॉलेज खुद बीमार है। टूटी सड़कें,गंदगी के अंबार बदबूदार नाले आज भी विकास की कलई खोल रहे हैं। मेट्रो तो जरूर चल पड़ी है पर आज भी मूलभूत आगरा की जरूरतें अधूरी ही हैं।

# झूलेलाल जयंती पर भक्तिभाव में डूबे श्रद्धालु

## बल्केश्वर घाट पर बहराणा साहब की सैकड़ों ज्योतियों का हुआ विसर्जन



एनएनआई

**आगरा।** यमुना मैया को समर्पित पावन और पवित्र ज्योत के झिलमिलाती बहराणा साहब की सैकड़ों ज्योतियां। भक्ति संगीत से गूंजती स्वरलहरियां और श्रीराम के भक्तिमय रंगों से सजी सिंधुनगरी। राष्ट्रीय सिंधी महासंघ के तत्वावधान में झूलेलाल जयन्ती पर्व के उपलक्ष्य में बल्केश्वर यमुना तट पर केन्द्रीय कार्यक्रम भव्य सिंधुनगरी का आयोजन किया गया। जहां आगरा की समस्त पंचायतों व मेला कमेटियों सहित टूंडला व फिरोजाबाद से आई सैकड़ों ज्योतियां श्रद्धा व भक्ति व विधि विधान से महन्त बंटी महाराज द्वारा यमुना मैया में विसर्जित कराई गईं। सिंधुनगरी पहुंची ज्योतियों का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया।

बैंड बाजों व शहनाई के साथ डांडिया करते हुए हर्षोल्लास के साथ श्रद्धालु सिंधु नगरी पहुंचे, जहां सिंधी भक्ति संगीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सिंघु नगरी में सजे राम दरबार पर हर भक्त ने मस्तक झुकाया। सभी श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि संघ के अध्यक्ष महेश सोनी, श्याम भोजवानी, जितेन्द्र त्रिलोकानी, सचिव मनोहरलाल हंस ने भगवान झूलेलाल के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष गिरधारीलाल करमचंदानी, नंदलाल आसवानी, रामचंद्र हंसानी, खेमचंद तैजानी, लक्की सालवानी, महेश मदनानी, राजा सुखनानी, हर्षिल भोजवानी,जतिन मंगलानी, नंदलाल, नरेश निरंकारी,मोहित सोनी, दादा शिवानी प्रदीप बनवारी,मनीश लालवानी, पारस बजाज, राजू खेमानी, प्रदीप बटीजा, जितेन्द्र मंगलानी, नन्दी महाजन, डोली सावलानी आदि उपस्थित थे।

### सिंधु रत्न पुरस्कार प्रदान किया

आगरा। सिंधी साहित्य के प्रोत्साहन के लिए कार्य करने के लिए सिंधु रत्न से मोहनलाल बोधवानी व सिंधुश्री सम्मान से मोहनलाल नागदेव, रामचंद्र छावड़िया, दीदी भगवन्ती साजनानी को स्मृति चिन्ह व शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया।

## कालामहल में की श्री अखंड पाठ साहब की भक्ति

एनएनआई

**आगरा।** झूलेलाल जयंती के मौके काला महल क्षेत्र सुबह से ही भक्तिभाव में डूबा दिखाई दिया। यह वह स्थान हैं, जहां भारत-पाक विभाजन के बाद आए चंद सिंधी परिवारों ने झूलेलाल जयंती मनाने की परम्परा की शुरूआत की थी। आज जयंती कार्यक्रम शहर भर में मनाए जाते हैं।

काला महल में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का समापन आज श्री अखंड पाठ साहब का भोग पड़ने के बाद हुआ। इस मौके पर श्री अखंड पाठ साहब को क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा के साथ श्री अखंड पाठ साहब की भक्ति की। बैंड-बाजों के साथ सैकड़ों लोग श्री अखंड पाठ साहब के साथ झूमने-नाचते गाते हुए चल रहे थे। इसके बाद श्री अखंड पाठ साहब को काला महल स्थित गिरधर गोपाल मंदिर में विराजमान किया गया। इस मौके पर भंडारा भी हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी ने बताया कि सायंकाल काला महल में मेले का शुभारंभ हुआ। सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धनश्यामदास देवनानी ने दीप जलाकर मेले की शुरूआत कराई। इस मौके पर झांकिया भी निकली, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई हाथीघाट पर पहुंची। हाथीघाट से बहराणा ज्योति को बल्केश्वर में सजाई गई सिंधू नगरी (घाट) पर विसर्जन के लिए ले जाया गया।



पूरा कार्यक्रम हिंदू जल सेवा मंडली की तरफ से आयोजित किया गया। मंडली के अध्यक्ष सिंधी सेंट्रल पंचायत के चंद्र प्रकाश सोनी, घनश्याम दास देवनानी,रामचंद छाबड़िया, सूर्य प्रकाश, पार्षद रवि माथुर, डॉ. वेद प्रकाश, प्रमुख पुरोहित बंटी महाराज, विजय अशरा, जय राम दास होत्चंदानी,हासानंद दियालानी, सुंदरलाल हजार्नी, विकास जेठवानी, तरूण हजार्नी, सोनू मदनानी, डा. योगेश मदनानी, कुनाल जेठवानी, प्रदीप कुमार, बबलू दासवानी,किशोर बुधरानी, राजकुमार गुरनानी, सुरेश हजार्नी, पं. गौरीशंकर, दीपक दयानी, राम चंद गुरनानी,मुकेश वाधवानी, सनी वाधवानी, विकास आसरा, नितिन राजवानी, विजय मंगवानी, नवीन कुमार, वीरेंद्र वाधवानी,मनोज मंगतानी, टीकम चंद्र, संतोष कुमार, राम चंद्र रोहिरा,सिद्धू, रोहित आयलानी,हरीश हस्वानी, धीरज हसानी, पप्पू हास्वानी आदि मौजूद रहे।






# भाजपा के दक्षिण विधानसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ



एनएनआई

**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी ने आगरा लोकसभा क्षेत्र के दक्षिण विधानसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ लोहा मंडी कोठी मीना बाजार रोड जयपुर हाउस स्थित कोठी में किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन कर कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष भानु महाजन के नेतृत्व में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल, क्षेत्रीय विधायक कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय,भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लोकसभा प्रभारी सुनील टंडन , लोकसभा संयोजक टीएन अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष भानु महाजन एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्राचीन कैलाश मंदिर के महंत निर्मल गिरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन में आहुति देते हुए सभी ने लोकसभा चुनाव में 400 पार के संकल्प को दोहराया।

इस मौके पर आगरा लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव में एक और विपक्ष का झूठ, भ्रष्टाचार है तो दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की स्पष्ट नीति और राष्ट्रवाद है। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा विपक्ष मुद्दा विहीन है उन्हें चुनाव में हार का भय सता रहा है। विपक्ष के लोग शक्ति का अपमान कर रहे हैं ऐसे लोगों को चुनाव में जनता सबक सिखाने का काम करेगी।

# प्रिल्यूड में ईद और झूलेलाल जयंती पर हुई विशेष प्रार्थना

एनएनआई

**आगरा।** प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में ईद–उल–फितर पर्व तथा झूलेलाल जंयती पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। छात्रा वंशिका भसीन ने रमजान के पावन ईद पर्व के महत्व को बताते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रों के द्वारा ईद के खास मौके पर कव्वाली तथा मनमोहक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति ने सभी को सम्मोहित कर दिया।

आरोही श्रीवास्तव (कक्षा नौ) ने झूलेलाल जयंती के महत्व के बारे में बताया कि चैत्र के महीने में चेटी चंद तिथि पर वरुण देवता ने सिंधी समाज के आराध्य देव संत झूलेलाल के रूप में जन्म लिया। चेटी चंड पर्व को भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के रूप में सिंधी समाज के द्वारा विशेष रूप से अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। चैत्र शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से सिंधी नववर्ष की शुरूआत भी मानी जाती है। विद्यालय के निदेशक डॉ.सुशील गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पर्व त्याग और सद्भावना का प्रतीक है। हमें एक दूसरे के प्रति सद्भावना रखकर मानवीय गुणों का संवर्धन करना चाहिए। देश हित के लिए स्वार्थ को त्याग कर हमेशा तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने ईद तथा झूलेलाल जंयती की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम अपनी संस्कृति को अधिक से अधिक जानें,त्योहार को हर्षोल्लास से मनाएं। कार्यक्रम का संचालन गीत अग्रवाल के द्वारा किया गया ऑरायन सदन के द्वारा विशेष प्रार्थना सभा हर्ष और उल्लास के साथ आयोजित की गई।






# राज्यसभा सांसद का किया स्वागत सम्मान

एनएनआई

**आगरा।** वाटर वर्क्स स्थित अग्रवन में श्री गौशाला सोसाइटी द्वारा सांसद राज्यसभा निर्वाचित होने के उपलक्ष्य में नवीन जैन का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें रसोई रतन ब्रांड के निदेशक लघु उद्योग भारती के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश अग्रवाल और उनकी पत्नी द्वारा राज्यसभा सांसद नवीन जैन और उनकी पत्नी रेनू जैन का स्वागत किया गया।

राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने कहा कि राजेश अग्रवाल के सार्थक एवं संकल्पित सेवा भाव के कारण लगातार गौशाला अपने मुख्य उद्देश्य सेवा कार्य की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बहुत ही सहजता और सरलता के साथ राजेश अग्रवाल गौ सेवा के कार्य को कर रहे हैं। इस अवसर पर गौशाला सोसाइटी के महामंत्री राजेश अग्रवाल महामंत्री, गोपाल अग्रवाल, राकेश मंगल, निर्मल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुनील सिंघल,उमेश कंसल, पार्षद प्रदीप अग्रवाल, पार्षद कंचन बंसल, गिर्राज बंसल मंडल अध्यक्ष आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# स्कूली बच्चों ने रैली निकल किया मतदान को जागरूक

**आगरा** एनएनआई। कंपोजिट विद्यालय, श्यामादेवी तथा प्राथमिक विद्यालय, मंडी सईद खां, संजय प्लेस, आगरा पर मतदाता जागरूकता अभियान मनाया गया। बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई। रैली का शुभारम्भ विभागाध्यक्ष, आरबीएस कॉलेज प्रो. बसंत बहादुर सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। रैली में विद्यालय के बच्चों के साथ आरबीएस कॉलेज के प्रशिक्षु तथा डायट आगरा के डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा भी प्रतिभाग किया गया, बच्चों द्वारा सभी को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए नारे भी लगाए गए, रैली का प्रतिनिधित्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिव कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी, के नेतृत्व में बच्चों के अभिभावकों के लिए मतदाता जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की।



न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर ख़बर पर पक्की नज़र


## अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने दी ईद की शुभकामनाएं

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि अफगानिस्तान के लिए एक विशेष प्रतिनिधि नियुक्त करने की प्रक्रिया जारी है। विशेष दूत की नियुक्ति कब होगी के सवाल पर दुजारिक ने कहा कि इस संबंध में जैसे ही कोई निर्णय होता है, उसकी जानकारी दी जाएगी। विशेष दूत के नामांकन के लिए संयुक्त राष्ट्र के अंदर महीनों से बहस जारी है। वहीं, तालिबान शासन अफगानिस्तान के लिए एक नए विशेष प्रतिनिधि की नियुक्ति का विरोध कर रहा है। तालिबान शासन को रूस और ईरान सहित कई देशों का समर्थन प्राप्त है, जो विशेष दूत की नियुक्ति के खिलाफ हैं।

## हॉन्ग कॉन्ग की एक इमारत में भीषण आग, चार लोगों की मौत

**हॉन्ग कॉन्ग।** हॉन्गकॉन्ग की एक इमारत में भीषण आग लगने की खबर है। पुलिस ने बताया कि हादसे में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है और 12 अन्य घायल बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 53 मिनट पर लगी। आग की सूचना मिलने के बाद दमकलकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय मीडिया ने दावा किया कि एक जिम की पहली मंजिल पर आग लगी। हालात पर काबू पा लिया गया है।

## कनाडा में गोलीबारी, भारतीय मूल के एक व्यक्ति समेत दो की मौत

**ओटावा।** कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में दिनदहाड़े हुई गोलीबारी में भारतीय मूल के एक कारोबारी समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय मीडिया ने इस घटना को लेकर जानकारी दी है। सीबीसी न्यूज की खबर के मुताबिक कैवनघ इलाके के एक रिहायशी क्षेत्र में समय गोलीबारी हुई और सूचना मिलने पर अधिकारियों ने कार्रवाई की। खबर में बताया गया है , ह्राह्मआपात चिकित्सा सेवा हरकत में आई और उसने बताया कि 49 वर्षीय एवं 57 वर्षीय एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। 51 वर्षीय एक पुरुष गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने कहा कि 51 वर्षीय व्यक्ति अभी अस्पताल में भर्ती है और उसके शरीर पर घाव हैं। मृत व्यक्तियों का पोस्टमार्टम मंगलवार और बुधवार को होना है। गोलीबारी में मारे गए भारतीय की पहचान एक निर्माण कंपनी के मालिक बूटा सिंह गिल के रूप में हुई है। उनकी पंजाबी समुदाय में अच्छी पकड़ थी।

## चंद्रयान 3 टीम को मिला यूएस के अंतरिक्ष क्षेत्र का शीर्ष पुरस्कार

**वाशिंगटन।** भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। स्पेस के क्षेत्र में भारत के वैज्ञानिकों नें शानदार काम किया है और इसका उदाहरण है चंद्रयान 3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग। भारत के इस कार्य की सराहना पूरी दुनिया में हो रही है। इसी क्रम में अब भारत की चंद्रयान 3 मिशन टीम को अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए प्रतिष्ठित 2024 जॉन एल 'जैक' स्विगर्ट जूनियर पुरस्कार मिला है। कोलोराडो में वार्षिक अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह के दौरान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की ओर से ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत डीसी मंजुनाथ ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। यह अमेरिका आधारित स्पेस फाउंडेशन का एक शीर्ष पुरस्कार है। स्पेस फाउंडेशन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाले पहले देश के रूप में, इसरो का मिशन चंद्रयान 3 मानवता की अंतरिक्ष अन्वेषण आकांक्षाओं को समझ और सहयोग के लिए नए क्षेत्रों तक विस्तारित करता है। स्पेस फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीदर प्रिंगल ने जनवरी में पुरस्कार की घोषणा के समय एक बयान में कहा था, अंतरिक्ष में भारत का नेतृत्व दुनिया के लिए प्रेरणा है।

# बिल्ली को बचाने में गई पांच की जान

**● बिल्ली की जान बचाने के लिए कुएं में उतरा था पूरा परिवार**

**अहमदनगर।** महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां नेवासा तहसील के वाकडी नामक गांव में एक बिल्ली को बचाने की कोशिश में 5 लोगों की मौत हो गई। मंगलवार शाम को यह घटना घटी थी और रात 2 बजे के करीब पाचों शव कुएं से निकाले गए। मरने वालों में एक ही परिवार के 4 लोग शामिल है। दरअसल, बायोगैस के गड्ढे में एक बिल्ली गिर गई थी। गांव वालो के मुताबिक उसे बचाने गया व्यक्ति जब ऊपर नहीं आया तो उसे बचाने दूसरे उतरे और इस तरह 6 लोग बायोगैस के गहरे गड्ढे में फंस गए। बड़ी मुश्किल से एक को जिंदा बचाया जा सका बाकी 5 की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गोबर से भरे बायोगैस के गड्ढे में फंसने सभी की मौत हो गई। एक युवक जब बायोगैस के गड्ढे में गिरी बिल्ली को बचाने के लिए कूदा। उसे डूबता देख एक के बाद एक छह लोग बचाने के प्रयास में कुएं में डुब गए। गोबर से भरे बायोगैस के गड्ढे में जहरीली गैस के कारण दम घुटने से इन पांचों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ये हादसा कल हुआ था और देर शाम तक लोगों को बाहर निकालने की कोशिश होती रही थी। आपातकालीन व्यवस्था नहीं होने से राहतकार्य में बाधा आ रही थी इसलिए घटना के 10 घंटे बाद पाचों के शव गड्ढे से बाहर निकाले गए। पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंच कर जरूरी कार्यवाही में जुटे हैं।



### छह में से एक शख्स की बची जान

यह घटना महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के वाडकी गांव में की है। जहां मंगलवार की देर रात एक कुएं में बिल्ली गिर गई। बिल्ली को बचाने के लिए एक के बाद एक कर छह लोग कुएं में उतरे। छह में से पांच की मौत हो गई। वहीं पुलिस को पांच लोगों के शव मिल गये हैं। एक शख्स जो रस्सी के सहारे कुंए में उतरा था उसे बचा लिया गया है।

## ईद के मौके पर सड़कों पर उतरा बलूच समुदाय

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बुधवार को ईद मनाई गई। इस दौरान बलूच समुदाय ने देश भर में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने बलूच समुदाय पर हो रहे अत्याचारों और सेना के जुल्म को उजागर करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए। बलूच समुदाय को जबरन गायब किए जाने के खिलाफ आयोजित प्रदर्शन में महिलाओं और बच्चों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। प्रदर्शन में बलूच न्याय की मांग करता है जैसे कई नारे लगाए गए। बलूच छात्र परिषद, इस्लामाबाद ने पंजाब और इस्लामाबाद के शैक्षणिक संस्थानों में बलूच छात्रों के जबरन गायब होने, उत्पीड़न और नस्लीय प्रोफाइलिंग के खिलाफ विरोध किया। एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि मानवाधिकार उल्लंघन के कारण कई छात्रों ने पढ़ाई छोड़ दी। प्रोफाइलिंग के कारण कई लोगों का अपहरण कर लिया गया। हम फिरोज और अहमद खान सहित सभी बलूचों की रिहाई की मांग करता है। हम हर बलूचों की सुरक्षा की मांग करते हैं। प्रमुख बलूच नेता और कार्यकर्ता सम्मी दीन बलूच ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि आज बलूच लापता व्यक्तियों के परिवार, इस्लामाबाद, कराची और बलूचिस्तान में जबरन गायब किए गए पीड़ितों के साथ सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## आपत्तिजनक हालत में देखने पर बहू ने प्रेमी के साथ मिलकर कर दी सास की हत्या

**कन्नौज।** कन्नौज जिले में बहू को उसके प्रेमी को आपत्तिजनक हालत में सास ने देख लिया था। सास कहीं पति से शिकायत न कर दे, इसी डर में बहू और उसके प्रेमी ने मिलकर महिला की हत्या करने के बाद शव को शौचालय में छिपा दिया था। पुलिस ने दोनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सीओ ओमकार नाथ शर्मा ने हत्या का खुलासा करते हुए जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मैनपुरी के टिकसुरी गांव निवासी शफी मोहम्मद उर्फ सूखा का प्रेम प्रसंग सकरावा थाना क्षेत्र के ग्राम लोह टिकुरिया निवासी रवीना देवी पत्नी हरिगोविंद के साथ पिछले एक साल से चल रहा था। सोमवार की रात लगभग 11 बजे मोहम्मद शफी रवीना से मिलने उसके घर पहुंचा था। सास सीमा देवी व पौत्र अंकुर घर के आंगन में सो रहे थे। आंख खुलने पर सीमा ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। इसी चलते शफी व सीमा के बीच विवाद हुआ। तेज आवाज सुनकर अंकुर भी जग गया। इसके बाद शफी ने रवीना के साथ मिलकर सीमा की गला दबाकर हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद शफी मौके से फरार हो गया था। मंगलवार को जानकारी होने पर पति की तहरीर पर पुलिस ने रवीना को घर से गिरफ्तार कर लिया था। वहीं, शफी को थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने पुलिस टीम के साथ दौलताबाद चौकी क्षेत्र के आरिफपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। दोनों हत्यारोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले में अग्रिम कार्रवाई कर रही है। सीमा की बहन के पुत्र देवांशू के साथ मोहम्मद शफी का आना जाना कुछ साल पहले शुरू हुआ था। रवीना को शफी अपनी बहन मानता था, जिसके चलते रवीना के बच्चे उसे मामा कहकर बुलाते थे। रवीना का पति हरिगोविंद हरियाणा के गुडगांव में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। हरिगोविंद के घर में न रहने का फायदा उठाकर शफी ने रवीना को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। रात में सीमा देवी व अंकुर ने शफी व रवीना को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया था।

इसके बाद दोनों ने गला दबाकर सीमा की हत्या कर दी थी। हादसा दशार्ने के लिए शफी ने शौचालय में सीमा देवी का शव औंधे मुंह डाल दिया था। सुबह रवीना के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए थे। जानकारी होने पर मृतका सीमा के पुत्र हरगोविंद व सौरभ गांव पहुंचे। बेटे अंकुर ने रात को हुए विवाद की जानकारी देते हुए बताया कि मामा का दादी के साथ विवाद हुआ था।

**गाजा युद्ध में मारे गए हमास लीडर इस्माइल हानिया के 3 बेटे**

# इजरायली सेना ने हवाई हमले में किया ढेर

**गाजा पट्टी।** इजरायली सेना ने हमास के नेता इस्माइल हानिया के 3 बेटों को मौत की नींद सुला दिया है। इजरायल के हवाई हमले में हमास आतंकी के तीनों बेटे मारे गए हैं। इससे इस्माइल हानिया बहुत दुखी है। हानिया ने इजराइल पर बदले की भावना से उनके तीन बेटों की हत्या का आरोप लगाया है। हानिया ने बुधवार को अल-जजीरा सेटेलाइट चैनल को दिए साक्षात्कार में इजरायली सेना के हवाई हमले में अपने 3 बेटों की मौतों की पुष्टि की। हानिया ने कहा कि उनके बेटे यरूशलम और अल-अक्सा मस्जिद को आजाद कराने की राह में शहीद हो गए। हानिया ने फोन पर दिए साक्षात्कार में कहा, ह्वदुश्मन बदले और कत्लेआम की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है और वह किसी मानक या कानून को कोई महत्व नहीं देता।ह्व इस्माइल हानिया कतर में निर्वासन में रहते हैं, जहां अल-जजीरा का मुख्यालय है। उन्होंने कहा कि इन हत्याओं से हमास पर रुख नरम करने के लिए दबाव नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने कहा, ह्वदुश्मन को लगता है कि नेताओं के परिवारों को निशाना बनाकर वह हमारे लोगों को उनकी मांगें छोड़ने के लिए मजबूर कर देगा। जिस किसी को भी यह लगता है कि मेरे बेटों को निशाना बनाने से हमास अपने रुख में बदलाव के लिए मजबूर होगा, वे भ्रम के शिकार हैं।



## यूक्रेनी गांव में लगी आग 14 वर्षीय किशोरी समेत 3 की मौत

**कीव।** रूस ने सीमा के नजदीक यूक्रेन के एक गांव पर बुधवार को जबरदस्त मिसाइल हमला किया है। इस हमले में यूक्रेन के गांव की एक राशन की दुकान और एक मेडिसिन शॉप आ गई। इस रूसी हमले में राशन की दुकान और एक दवा की दुकान तबाह हो गयी। साथ ही 14 वर्षीय एक किशोरी सहित तीन लोगों की मौत हो गयी। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूसी मिसाइलें लगातार यूक्रेन के विभिन्न क्षेत्रों में तबाही मचा रही हैं। यह हमला उस वक्त हुआ, जब राशन और दवा की दुकान पर कुछ लोग मौजूद थे। 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही कई लोग घायल भी हुए हैं। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। रूसी हमले के बाद राशन की दुकान और मेडिकल स्टोर में आग लग गई।

## संपादकीय

# हिंदू-मुस्लिम राग और धार्मिक ध्रुवीकरण की चिंता

पहले चरण के मतदान के लिए प्रचार बंद होने से कुछ दिन पहले भाजपा का चुनाव उन असली मुद्दों पर लौट आया है, जिन पर वह दशकों से चुनाव लड़ती रही है। इसके अलावा नए मुद्दे भी हैं लेकिन जिन मुद्दों पर उसने अपना वोट आधार बनाया है और ध्रुवीकरण की राजनीति की है वे सारे मुद्दे उठाए जाने लगे हैं।अब प्रचार में पाकिस्तान की भी एंट्री हो गई है, मुस्लिम लीग की भी एंट्री हो गई है, तीन तलाक, इटैलियन मानसिकता, राम मंदिर, भारत में घर में घुस कर मारता है, आतंकवादियों को मारने सीमा पार चले जाएंगे आदि आदि मुद्दों की अब प्रचार में एंट्री हो गई है। अब किसी न किसी रूप में ध्रुवीकरण वाले मुद्दों की चर्चा होती रहेगी।भाजपा का कोई भी प्रचार पाकिस्तान के बगैर पूरा नहीं होता है। यह अलग बात है कि वह एक विफल राष्ट्र है और अपना अस्तित्व बचाने के लिए लड़ रहा है। लेकिन ऐसी स्थिति में भी वह भाजपा के बहुत काम आता है। पिछले दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर भारत में आतंकवादी किसी गतिविधि को अंजाम देकर पाकिस्तान भाग जाते हैं तो भारत पड़ोसी देश में घुस कर उनको मारेगा।उन्होंने कहा कि भारत अब इतना सक्षम हो गया है कि सीमा पार करके भी आतंकवादियों को मारेगा। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद मुस्लिम लीग की प्रचार में एंट्री कराई है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की पूरी छाप है। पहले दिन उनकी पार्टी ने कहा कि कांग्रेस सपने बेच रही या चमत्कार कर देने का वादा कर रही है लेकिन उसके एक दिन बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में मोदी ने उस पर मुस्लिम लीग की छाप बताई।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह यानी भाजपा के तीन सबसे ऊपर के नेताओं ने मुस्लिम लीग, पाकिस्तान और इटली की एंट्री चुनाव प्रचार में कराई है।वे तीन तलाक भी जिक्र कर रहे हैं और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का मुद्दा भी किसी न किसी तरह से उठा रहे हैं। इस तरह से 10 साल की उपलब्धियों का लेखा जोखा देकर वोट मांगने के साथ साथ ध्रुवीकरण कराने वाले मुद्दे भी उठाए जा रहे हैं।अयोध्या में राममंदिर का निर्माण होने और रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी आ रही है। अब उसमें एक खास बात यह जुड़ गई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद लोगों से रामनवमी के नाम पर वोट करने की अपील कर रहे हैं।एक चुनावी रैली में लोगों से कहा कि वे याद रखें रामनवमी आ रही है और जिन्होंने पाप किया है उनको वोट के जरिए सजा देनी है। एक तरफ इस नाम पर वोट लेने की कोशिश है और दूसरी ओर भाजपा इस प्रचार में लगी है कि कांग्रेस और दूसरी तमाम विपक्षी पार्टियों ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध किया था। संभवतः प्रधानमंत्री इसे ही पाप बता कर इसकी सजा देने की अपील कर रहे थे।यह अलग बात है कि किसी विपक्षी पार्टी ने राम मंदिर का विरोध नहीं किया था। वैसे भी राम मंदिर का निर्माण सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हो रहा था और सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सभी पार्टियों ने स्वीकार कर लिया था। फिर भी भाजपा विपक्षी पार्टियों को इस नाम पर पापी बता रही हैं और रामनवमी के त्योहार के दो दिन बाद उनको सजा देने की अपील कर रही है। पता नहीं चुनाव आयोग तक भी यह बात पहुंची ही होगी लेकिन चुनाव आयोग से क्या उम्मीद करना !देश की राजनीति बुनियादी रूप से बदल चुकी है। सेकुलर राजनीति करने वाली पार्टियां भी धार्मिक ध्रुवीकरण की चिंता में फैसले कर रही हैं। रमजान के महीने में होने वाली पार्टियों के इफ्तार दावतें अब लगभग बंद हो गई हैं।केरल की वायनाड सीट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नामांकन के समय कांग्रेस का झंडा इसलिए नहीं लहराया गया क्योंकि पार्टी नेताओं को डर था कि कांग्रेस के साथ साथ इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का झंडा भी लहराना होगा और भाजपा पहले की तरह दावा कर सकती है कि पाकिस्तान के झंडा लहराए जा रहे हैं। कांग्रेस के इस फैसले के पर सीपीएम ने तीखी आलोचना की और कांग्रेस पर मुसलमानों को अपमानित करने का आरोप लगाया। लेकिन वायनाड में झंडा नहीं लगाने के कांग्रेस के फैसले से जाहिर हो गया है कि देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस सहित तमाम पार्टियां ध्रुवीकरण को लेकर कैसी चिंता में हैं।यह चिंता टिकट बंटवारे में भी दिख रही है। कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन की तमाम पार्टियों में मुस्लिम उम्मीदवारों की संख्या कम हो गई है। ममता बनर्जी अपवाद हैं, जिन्होंने अपने 42 उम्मीदवारों में से छह मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं।बिहार में मुस्लिम और यादव समीकरण के दम पर राजनीति करने वाले लालू प्रसाद इस बार अपने कोटे की 23 में सिर्फ दो सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारते दिख रहे हैं। बिहार में हुई जाति गणना के मुताबिक मुस्लिम आबादी 18 फीसदी के करीब है।किसी जमाने में गोड्डा से फुरकान अंसारी सांसद हुए थे। उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद जैसी सीट पर समाजवादी पार्टी ने मौजूदा सांसद एसटी हसन की टिकट काट कर रूचि वीरा को दिया है। अगर अखिलेश यादव का वश चलता तो आजम खान की पारंपरिक रामपुर सीट पर भी मुस्लिम की जगह तेज प्रताप यादव को चुनाव लड़ा देते।

# देवी मां के मंदिर जहां दर्शन मात्र से पूरी होती है मनोकामना

*वैसे तो भारत में तमाम प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर हैं। वहीं 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत होने जा रही है। ऐसे में आप भी मां दुर्गा के इन फेमस मंदिरों में दर्शन के लिए जा सकते हैं। देखा जाए तो ज्यादातर मंदिर पहाड़ों पर बसे हुए हैं। इनमें से सबसे ज्यादा फेमस मंदिर माता वैष्णो देवी कटरा को माना जाता है। हांलाकि देवी मां के दर्शन करने के लिए किसी दिन विशेष की जरूरत नहीं होती है। इसके लिए बस श्रद्धा चाहिए। वैसे तो भारत में तमाम प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर हैं। वहीं 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत होने जा रही है। ऐसे में आप भी देवी मां के दर्शन करने के लिए इन प्रसिद्ध मंदिरों में जा सकते हैं। जहां पर दर्शन मात्र से हर भक्त की मनोकामना पूरी हो जाती है। यदि आप भी मां दुर्गा के फेमस मंदिरों के दर्शन करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देवी मां के 5 फेमस मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर दर्शन मात्र से हर भक्त की मनोकामना पूरी हो जाती है।*





## कामाख्या मंदिर

भारत के गुवाहाटी में स्थित कामाख्य देवी मंदिर को प्रमुख शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। इस मंदिर की गुफा में एक योनि की मूर्ति है, जिसे बेहद पवित्र माना जाता है। हर साल दूर-दूर से भक्त मंदिर दर्शन के लिए आते हैं। वहीं नवरात्रि का पर्व यहां पर जोश और उत्साह के साथ मनाया जाता है।

## माता वैष्णो देवी मंदिर (जम्मू-कश्मीर)

जम्मू-कश्मीर के कटरा जिले में मां वैष्णों देवी का मंदिर है। साल भर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। माता वैष्णों देवी का मंदिर 108 शक्तिपीठों में से एक है। बता दें कि माता वैष्णो देवी को मां दुर्गा का रूप माना जाता है। मां वैष्णो देवी मंदिर की पवित्र गुफा के भीतर निवास करती हैं। कटरा से 13 किमी चढ़ाई करने के बाद वैष्णो धाम पहुंचते हैं।

## महाकाली देवी मंदिर (उज्जैन)

मध्य प्रदेश के शिप्रा नदी के किनारे प्राचीन शहर उज्जैन में एक छोटी सी पहाड़ी पर महाकाली देवी का मंदिर बना है। हिंदू पौराणिक कथा के मुताबिक जब श्रीविष्णु ने मां सती के मृत देह पर सुदर्शन चक्र चलाया था, तो देवी सती का ऊपरी होंठ उस जगह गिरा था, जहां पर वर्तमान समय में यह मंदिर बना है। इस मंदिर में महालक्ष्मी, ग्रह कालिका और देवी सरस्वती की पूजा की जाती है।

## कालीघाट मंदिर कोलकाता (पश्चिम बंगाल)

नवरात्रि के दौरान कोलकाता के मंदिरों में दुर्गा पूजा काफी धूमधाम से मनाया जाता है। मान्यता के मुताबिक कोलकाता के कालीघाट मंदिर में मां सती के दाहिने पैर का अंगूठा गिरा था। बताया जाता है कि यह मंदिर करीब 2000 साल से भी अधिक पुराना है। नवरात्रि के मौके पर यहां हजारों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं। यह मंदिर आदि गंगा नामक एक छोटे से जल निकाय के तट पर बना है।

## चामुंडेश्वरी मंदिर मैसूर (कर्नाटक)

चामुंडेश्वरी मंदिर मैसूर में चामुंडी पहाड़ियों की चोटी पर स्थित है। बताया जाता है कि यहां पर मां सती के बाल गिरे थे। जिसके बाद होयसल शासकों ने 12वीं शताब्दी में देवी के नाम पर एक मंदिर बनवाया। इस मंदिर में दर्शन करने के दौरान इसकी भव्य वास्तुकला का आनंद जरूर लें।

एक कंजूस को बिजली का करंट लग गया बीवी- आप ठीक तो है ना
कंजूस- फालतू की बात छोड़ मीटर देखकर बता यूनिट कितना बढ़ाङ्ग.

●●●●●●●●●●

प्रेमिका- मैं तुम्हारे लिए आग पर चल सकती हूं, नदी में कुद सकती हूं।
प्रेमी- मैं भी तुमसे बहुत प्यार करता हूं, क्या तुम मुझसे मिलने आ सकती हो
प्रेमिका- पागल हो क्या, धूप देखी है कितनी तेज है, मैं काली पड़ गई तो

●●●●●●●●●●

प्रेमिका- तुमको पता है कल मेरा बर्थडे है
मुझे क्या गिफ्ट दोगे प्रेमी झ्र जो तुम चाहो मेरी जान
प्रेमिका- मुझे रिंग टाहिए प्रेमी- ठीक है रिंग दूंगा पर उठाना मत,
मेरा बैलेंस कम है

## सुडोकू-220

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | | | | | 1 | 8 | 4 | |
| | 2 | 1 | 4 | 3 | | | | |
| | | | 2 | | | | | 4 |
| 2 | 9 | | | | | | 5 | 7 |
| 3 | | | | | 6 | | | |
| | | | | 4 | 2 | 9 | 7 | |
| | 4 | 2 | 3 | | | | | |
| | | | 5 | 7 | | | | |

ऊपर से नीचे और दायें से बायें के साथ हर ब्लॉक में 1 से लेकर 9 तक अंक भरें। कहीं पर भी कोई भी अंक दोबारा न आने पाए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 6 | 3 | 2 |
| 9 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 5 | 8 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 8 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 4 | 9 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 | 4 | 5 |
| 4 | 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 |
| 1 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 4 | 1 | 5 | 7 |

सुडोकू-221 का उत्तर



## जुड़वां बच्चों की मां बनने के बाद चीजें भूल रहीं रुबीना दिलैक

रुबीना दिलैक नवंबर 2023 में जुड़वां बेटियों की मां बनीं, और तबसे मदरहुड इंजॉय कर रही हैं। बेटियों की देखभाल के साथ-साथ रुबीना ने अपना पॉडकास्ट भी शुरू किया, जिसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इसमें उन्होंने प्रेग्नेंसी से लेकर मदरहुड और ब्रेस्टफीडिंग से लेकर लोगों ने क्या सलाह दी, सबके बारे में बताया। रुबीना दिलैक अब पॉडकास्ट 'किसी ने बताया नहीं' का दूसरा सीजन लेकर आ चुकी हैं, जो चर्चा में हैं। इसमें उन्होंने हाल ही बेटियों जीवा और एधा को लेकर मजेदार बात बताई, जोकि अभी सवा चार महीने की हो गई हैं। रूबीना दिलैक ने बताया कि चूंकि बेटियां जुड़वां हैं, इसलिए वह भूल जाती हैं कि किसे दूध पिलाया था और किसे नहीं। रुबीना ने साथ ही यह बताया कि वह अब चीजें भूलने लगी हैं। इसलिए उन्होंने एक डायरी मेनटेन की है, जिसमें बेटियों के दूध पिलाने के टाइम का रिकॉर्ड रखती हैं। रुबीना के इस पॉडकास्ट में एक्ट्रेस सुगंधा मिश्रा गेस्ट बनकर पहुंची थीं। वह भी कुछ समय पहले ही मां बनी हैं।

## अनीस बज्मी की हॉरर फिल्म में आयुष्मान खुराना की एंट्री

फिल्म निमार्ता-निर्देशक अनीस बज्मी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूल भुलैया 3' की तैयारियों में व्यस्त हैं। इस बीच खबर है कि वह एक और हॉरर फिल्म पर काम कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अनीस की इस हॉरर फिल्म में आयुष्मान खुराना नजर आ सकते हैं। इस फिल्म का नाम 'भूतियापा' बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि अनीस और आयुष्मान इस प्रोजेक्ट के लिए बातचीत कर रहे हैं। अभी इसका आधिकारिक एलान नहीं हुआ है। निर्देशक अनीस बज्मी भूल भुलैया 3 के अलावा नो एंट्री 2 पर भी काम कर रहे हैं। हालांकि, फिलहाल उनका पूरा ध्यान 'भूल भुलैया 3' पर है, जिसमें कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। उनके अलावा विद्या बालन और तृप्ति डिमरी भी अहम किरदारों में दिखेंगी। चर्चित फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म को हर तरह से शानदार बनाने के लिए मेकर्स तैयारियों में जुटे हैं। 'नो एंट्री 2' की बात करें तो इसमें वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे।





## जान्हवी ने शिखर के साथ रिश्ता किया कंफर्म

जान्हवी कपूर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की उभरती हुई अदाकारा हैं। अपने अभिनय और खूबसूरती से वे लाखों दिलों पर राज करती हैं। पिछले कुछ समय से वे अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि वे शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं। इन खबरों के बीच अब अभिनेत्री ने आखिरकार अपने रिश्ते पर मुहर लगा दी है। मुंबई में अपने पिता बोनी कपूर के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी 'मैदान' की स्क्रीनिंग पर वे अपने बॉयफ्रेंड के उपनाम का एक कस्टम हार पहने हुए नजर आईं। उनके हार में शिखू लिखा हुआ था, जिसने वहां मौजूद सभी का ध्यान आकर्षित किया। इवेंट में सफेद पैंटसूट और मैचिंग हील्स में जान्हवी ने रेड कार्पेट पर बला की खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने स्क्रीनिंग से पहले अपने पिता बोनी कपूर और भाई अर्जुन कपूर के साथ तस्वीर भी खिंचवाई। काफी समय से जान्हवी और शिखर की डेटिंग की खबरें सामने आती रही हैं। इस साल की शुरूआत में 'कॉफी विद करण' शो में भी जान्हवी ने शिखर पहाड़िया संग अपनी नजदीकियों की ओर इशारा किया था। उन्होंने बताया था कि उनकी स्पीड-डायल सूची में शीर्ष संपर्कों में से शिखर का भी नाम है।



## ऋचा-अली की 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' का जलवा

अली फजल और ऋचा चड्ढा की प्रोडक्शन हाउस की फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म अंतरराष्ट्रीय स्तर धूम मचा रही है और लोग इसकी खूब सराहना कर रहे हैं। कई प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शन के बाद 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' अब टीआईएफएफ नेक्स्ट वेव फिल्म फेस्टिवल 2024 प्रदर्शित होने जा रही है, जिसे लेकर ऋचा और अली ने बयान जारी कर अपनी खुशी जाहिर की है। कुछ समय पहले फिल्म अली फजल और ऋचा चड्ढा की डेब्यू प्रोडक्शन फिल्म सनडांस फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित की गया था, जहां फिल्म ने दो पुरस्कार अपने नाम किया। इसके अलावा फिल्म का प्रदर्शन साउथ बाय साउथवेस्ट फिल्म फेस्टिवल में जैसे प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में भी किया जा चुका है। टीआईएफएफ नेक्स्ट वेव फिल्म फेस्टिवल 11 से 14 अप्रैल तक होगा, जहां, 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' को 14 अप्रैल को फिल्म फेस्टिवल प्रदर्शित किया जाएगा। ऋचा चड्ढा ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स को टीआईएफएफ नेक्स्ट वेव के लिए चुना जाना हमारे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। दुनिया भर में लोग हमारी फिल्म को पसंद कर रहे हैं और ऐसे में इन प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में अपनी फिल्मों का प्रदर्शन देखना हमारे लिए खुशी की बात है'। ऋचा चड्ढा ने आग कहा, 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स फिल्म हमारे दिल के बहुत करीब है। इस फिल्म सोच से लेकर टीआईएफएफ में इसके प्रदर्शन तक का सफर हमारे लिए बेहद खुशी की बात है। फिल्म से दर्शक जुड़ सके इसके लिए हमें दिलो जान लगाकर मेहनत की और अब इसका परिणाम हमारे सामने है, यह हमारी टीम की मेहनत का फल है।



न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र



# रोमांचक मैच में गुजरात ने दर्ज की जीत, राजस्थान को हराया

## सांसें रोक देने वाले मैच में गुजरात ने मारी बाजी, गिल ने ठोका पचासा, आखिरी गेंद पर राशिद ने पलटा मैच





**जयपुर।** आईपीएल के 17वें सीजन का 24वां मुकाबला गुजरात टाइटंस ने तीन विकेट से राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत लिया। गुजरात ने आईपीएल के इस सीजन में अपनी तीसरी जीत दर्ज की जबकि राजस्थान को उसकी पहली हार उनके घर में मिली। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 196 रन बनाए। इसके जवाब में गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 199 रन बनाए। राशिद खान ने आखिरी दो ओवरों में मैच का पासा गुजरात के हक में पलट दिया। इस दमदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। गुजरात इस जीत के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई। अब टीम के खाते में छह अंक हो गए हैं। वहीं, पंजाब को नुकसान झेलना पड़ा है। वह सातवें स्थान पर पहुंच गई है जबकि राजस्थान रॉयल्स आठ अंकों के साथ शीर्ष पर बनी हुई है। 18 ओवर के बाद टीम को 12 गेंदों में 35 रन की जरूरत थी। क्रीज पर राशिद खान दो गेंदों में दो रन और राहुल तेवतिया सात गेंदों में 11 रन बनाकर नाबाद खेल रहे थे। पारी का 19वां ओवर कुलदीप सेन फेंकने आए जिन्होंने 20 रन खर्च कर दिए। इस ओवर में उन्होंने दो वाइड और एक नो बॉल फेंकी। आखिरी ओवर में गुजरात को जीत के लिए पांच गेंदों में 11 रन की जरूरत थी। आवेश खान के खिलाफ पहली गेंद पर राशिद ने चौका मारा। अगली गेंद पर दो रन चुराए। अब टीम को चार गेंदों में नौ रनों की दरकार थी। आवेश के खिलाफ राशिद खान ने एक और चौका लगाया। इस ओवर की चौथी गेंद पर राशिद ने एक्स्ट्रा कवर की तरफ जोरदार शॉट मारा और तीन रनों के लिए दौड़ गए। हालांकि, तीसरे रन को पूरा करने से पहले तेवतिया रनआउट हो गए। अब टीम को जीत के लिए आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी। नूर अहमद नॉन स्ट्राइकर एंड पर मौजूद थे जबकि राशिद खान ने स्ट्राइक संभाली। उन्होंने 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर चार रन के लिए दमदार शॉट मारा और टीम को जीत दिलाई।

बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर के बीच पहले विकेट के लिए 32 रन की साझेदारी हुई। जायसवाल पांच चौकों की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए जबकि पिछले मैच में नाबाद शतक लगाने वाले बटलर सिर्फ आठ रन बना सके। उन्हें राशिद खान ने अपना शिकार बनाया। टी20 क्रिकेट में स्पिनर ने अनुभवी बल्लेबाज को पांचवीं बार आउट किया। इसके बाद पारी को संजू सैमसन और रियान पराग ने संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 130 रन की विशाल साझेदारी निभाई।

### संजू-पराग ने खेली बेहतरीन पारियां

राजस्थान रॉयल्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। जब ओपनर जोस बटलर सिर्फ 8 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद यशस्वी जायसवाल ने कुछ देर विकेट पर टिकने की कोशिश की, लेकिन वह 24 रन बनाकर आउट हुए। फिर रियान पराग और संजू सैमसन ने रन बनाने की जिम्मेदारी संभाल ली। इन दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन अर्धशतक लगाए। संजू ने 38 गेंदों में 68 रन बना दिए, जिसमें 7 चौके और दो छक्के शामिल थे। पराग ने 76 रन बनाए। इन प्लेयर्स की वजह से ही राजस्थान रॉयल्स की टीम 196 रन बना सकी। गुजरात टाइटंस के लिए उमेश यादव, राशिद खान और मोहित शर्मा ने 1-1 विकेट चटकाया।

### कुलदीप सेन ने बरपाया कहर

197 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात की शुरूआत दमदार हुई। साई सुदर्शन और शुभमन गिल के बीच पहले विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी हुई, जिसे कुलदीप सेन ने अपने पहले ही ओवर में तोड़ा। उन्होंने साई सुदर्शन को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए मैथ्यू वेड भी कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। वह चार रन बनाकर लौट गए। उन्हें रीवा के गेंदबाज ने 11वें ओवर की पहली गेंद पर बोल्ड किया। इसी ओवर में कुलदीप ने अभिनव मनोहर (एक रन) को भी बोल्ड किया। उन्होंने इस पारी के अपने दूसरे ओवर में दो विकेट चटकाए।

### गिल ने खेली 72 रनों की दमदार पारी

गुजरात के खिलाफ विजय शंकर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। वह नेल्सन नंबर का शिकार हुए। दरअसल, जिस वक्त विजय शंकर आउट हुए टीम का स्कोर 111 रन था। उन्हें चहल ने बोल्ड किया। इसके बाद जिम्मेदारी शुभमन गिल पर बढ़ गई, लेकिन वह 133 रन के स्कोर पर आउट हो गए। उन्हें संजू सैमसन ने स्टंप आउट किया। गिल ने इस मुकाबले में 163.63 के स्ट्राइक रेट से छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 72 रनों की दमदार पारी खेली। इस मैच में शाहरुख खान ने 14 रन बनाए। राजस्थान के लिए कुलदीप सेन ने तीन विकेट चटकाए जबकि चहल को दो और आवेश खान को एक सफलता मिली।

## पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा




**नई दिल्ली।** दिग्गज भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में होने जा रहे पावो नूरमी खेलों में खेलते नजर आएंगे। इसमें उन्हें जर्मनी के 19 वर्षीय मैक्स डेह्निंग से कड़ी चुनौती मिल सकती है। इसकी जानकारी पावो नूरमी खेलों के आयोजकों ने दी। 2022 सत्र में 89.30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो है। उन्होंने 2023 में चोटिल होने के कारण इस टूनार्मेंट से अपना नाम वापस ले लिया था। चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है। वहीं, डेह्निंग हाल ही में 90 मीटर की बाधा पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट से अपने सत्र की शुरूआत करेंगे। पावो नूरमी खेलों का नाम फिनलैंड के मध्य और लंबी दूरी के धावक के नाम पर रखा गया है। यह विश्व एथलेटिक्स की कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड सीरीज स्तर की प्रतियोगिता है। यह डायमंड लीग मीट सीरीज के बाहर सबसे प्रतिष्ठित एक दिवसीय प्रतियोगिताओं में से एक है। टूनार्मेंट के आधिकारिक वेबसाइट पर खिलाड़ियों से करार के लिए जिम्मेदार आर्टटू सलोनेन ने कहा, भाला फेंक ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा जून में तुर्कू लौटेंगे। चोपड़ा एक साल के ब्रेक के बाद पावो नूरमी खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे जहां उनका सामना बेहतरीन प्रतियोगियों के समूह से होगा। प्रतियोगिता 18 जून को तुर्कू में होगी।

## मुझे दरकिनार करने का हो रहा प्रयास-पीटी ऊषा

**नई दिल्ली।** इंडियन ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने एसोसिएशन के कार्यकारी परिषद के सदस्यों को एक पत्र लिखा जिसमें उन्होंने रिटायर्ड कैप्टन अजय कुमार नारंग को उनके पद से हटाए जाने पर आपत्ति जताई है। आईओए के कार्यकारी परिषद के सदस्यों की तरफ से अजय कुमार नारंग को 4 मार्च और उसके बाद 11 मार्च को दूसरा लेटर लिखा गया जिसमें उन्हें उनके पद से टर्मिनेट करने के बारे में जानकारी दी गई। आईओए चीफ पीटी उषा को कार्यकारी परिषद के सदस्यों के इस कदम के बारे में कोई भी जानकारी नहीं थी, जिसको लेकर अब उन्होंने अपनी निराशा को एक पत्र के जरिए व्यक्त किया है और ये भी लिखा कि इससे मुझे दरकिनार करने का प्रयास किया जा रहा है। पीटी उषा ने कार्यकारी सदस्यों को लिखे पत्र में लिखा कि ये देखकर मुझे काफी दुख होता है कि हम अभी भी एक टीम के रूप में काम नहीं कर पा रहे हैं और आपकी तरफ से उठाए जा रहे इस तरह के कदम मुझे दरकिनार करने का प्रयास है। मैं आप लोगों को जानकारी देना चाहती हूं कि कैप्टन अजय कुमार नारंग को मैंने पिछले साल अपने कार्यकारी सहायक के तौर पर नियुक्त किया था और एक अध्यक्ष होने के नाते उन्हें सिर्फ मुझे रिपोर्ट करना था, अध्यक्ष आईओए के सभी पत्राचार/यात्रा/नियुक्तियों/बैठकों आदि में भाग लेना था। इस तरह से ये बात साफ हो जाती कि किसी को नियुक्त करने या उसे हटाने के लिए मेरा फैसला मान्य होगा न कि कार्यकारी परिषद के सदस्य इस पर कोई फैसला लेंगे। अजय कुमार नारंग के टर्मिनेशन लेटर में मेरे द्वारा साइन किए हुए उनके नियुक्ति पत्र के क्लॉज 10 के बारे में बताया गया है। मैं अभी अजय कुमार नारंग के काम से संतुष्ट हूं और मुझे उनकी सेवाएं खत्म करने या टर्मिनेट करने का कोई कारण नहीं दिखता है।

## 11 अप्रैल 2024 का राशिफल

**मेष राशि :-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। यदि कुछ विवाद थे, तो वह भी दूर होगे। आपकी सलाह बिजनेस में कारगर सिद्ध होगी। यदि आप किसी निवेश की योजना बना रहे हैं तो उसमें किसी किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मश्वरा अवश्य करें।

**वृष राशि :-** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको किसी विशेष व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा। आपको काम की अधिकता होने के कारण शारीरिक कमजोरी हो सकती है। परिवार में लोग आपके काम से प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष कर दिखाने के लिए रहेगा। आपको वाहन से संभल कर चलना होगा, नहीं तो उसमें समस्या हो सकती हैं।

**कर्क राशि :-** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। कार्य क्षेत्र में आपको कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आप किसी विशेष काम को लेकर यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

**सिंह राशि :-** आज का दिन आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आने वाला है। आपको किसी विशेष काम को करने से मन परेशान रहेगा। पारिवारिक समस्याओं को लेकर आप परिवार में बड़े सदस्यों से बातचीत कर सकते हैं। आर्थिक तौर पर यदि आपको कुछ समस्याएं चल रही थी, तो वह दूर होंगे। आपका कोई मित्र आपके घर दावत पर आ सकता है।

**कन्या राशि :-** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य से किए हुए वादे को पूरा करना होगा। आप अपने बिजनेस में कुछ नए उपकरणों को शामिल करके आपकी अपने आय को बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

**तुला राशि :-** आज का दिन सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने कामों के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के लिए समय अवश्य निकले, नहीं तो वह आपसे नाराज हो सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपका मन अपने कामों को लेकर प्रसन्न रहेगा, क्योंकि आप जहां भी हाथ डालेंगे, उसमें आपको अच्छा लाभ अवश्य मिलेगा। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी।

**धनु राशि :-** आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में अच्छा रहने वाला है। आपका मन किसी बात को लेकर उदास रहेगा, लेकिन फिर भी आप किसी से कुछ नहीं कहेंगे। काम की अधिकता रहने के कारण आप थोड़ा परेशान रहेंगे। बिजनेस में आपको कुछ नुकसान होने की संभावना है।

**मकर राशि :-** आज का दिन आपके लिए किसी नए काम के लिए अच्छा रहने वाला है। परिवार में लोग मिल बैठकर कुछ पारिवारिक समस्याओं को लेकर बातचीत करेंगे। किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल आनंदमय रहेगा।

**कुंभ राशि :-** आज आपको वाद विवाद में पड़ने की जरूरत नहीं है। कोर्ट कचहरी संबंधी मामले में आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। बिजनेस में चल रही समस्याओं से आप परेशान रहेंगे।

**मीन राशि :-** आज का दिन आपके लिए जीवन में कोई बड़ा बदलाव लेकर आने वाला है। आपको नौकरी में ट्रांसफर मिलने के कारण किसी दूसरे शहर में शिफ्ट होना पड़ सकता है। आप अपने आस पड़ोस में हो रहे किसी वाद विवाद से दूर रहने की कोशिश करें, नहीं तो वह बढ़ सकता है।

# जल की शीतलता और अपनत्व की मिठास के साथ शुरू हुई एनएनआई की प्याऊ

- मट्ठा वितरण कर संजय प्लेस में शुरू हुई एनएनआई निशुल्क जल सेवा
- बी एम ग्रुप प्रमुख अलोक अग्रवाल एवं ओसवाल फाउंडेशन प्रमुख नरेश जैन ने प्याऊ का किया शुभारंभ

*भारत में हमेशा से ही सेवा की परंपरा रही है। एनएनआई की जल सेवा भी इसी संस्कृति से प्रेरित है। शास्त्रों में लिखा है कि प्यास से व्याकुल व्यक्ति जिस क्षेत्र से होकर गुजरता है, उस क्षेत्र का पुण्य क्षीण हो जाता हैं इसलिए पुण्य की रक्षा हेतु भी प्याऊ की व्यवस्था करनी चाहिए। दोपहर का वक्त और आसमान से बरसती आग, गर्म तवे की तरह तपती धरती और सूनी सड़कें। ऐसे में आपको राह चलते प्यास लगे और प्यास में गला सूख रहा हो तब ऐसे में आस-पास ठण्डा पानी नजर न आए, उस बेचैनी और परेशानी का एहसास किया जा सकता है। पानी तलाशती इन आँखों को कुछ कदम चलने पर ठण्डा पानी मिल जाए तो यह आपके लिए अमृत से कम नहीं होगा। यही भाव एनएनआई परिवार का रहता है।*














एनएनआई

**आगरा।** नर ही नारायण और जल ही जीवन है के सन्देश को लेकर विगत कई वर्षों से चली आ रही एनएनआई अखबार की निशुल्क शीतल जल सेवा की इस वर्ष की प्रथम प्याऊ का शुभारंभ आज किरण मित्तल फर्नीचर के पास फ्रेंड्स टावर (स्काई टावर ,पार्किंग) संजय प्लेस पर कल से शुभारंभ हो गया। विदित हो प्रति वर्ष ग्रीष्म ऋतू के आगमन पर न्यूज नेक्स्ट इंडिया ,हिंदी दैनिक समाचार पत्र निशुल्क आर ओ वाटर की प्याऊ ,राहगीरों एवं आगंतुकों के लिए संजय प्लेस व शहर के अन्य स्थलों पर लगाता है। इसी क्रम में इस वर्ष की संजय प्लेस की निशुल्क शीतल प्याऊ का शुभारम्भ ओसवाल फाउंडेशन के प्रमुख नरेश जैन एवं प्रसादम अध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने किया। इस सुअवसर सभी आगंतुकों व राहगीरों को शीतल मसाला मट्ठा का वितरण किया। एन एन आई के एम-डी विवेक खंडेलवाल जी ने नरेश अग्रवाल जी का बुके देकर स्वागत किया, एवं चीफ एडिटर अरविन्द सिंह जी ने प्रसादम अध्यक्ष अलोक अग्रवाल जी का स्वागत किया।संजय प्लेस वेलफेयर सोसायटी के महामंत्री हीरेन अग्रवाल ने विवेक मित्तल का माला पहना कर स्वागत किया। दिल में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो मुश्किल काम भी आसान हो जाता है। तपती गर्मी में प्याऊ लगाकर लोगों की प्यास बुझाने से बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं है। यह एक प्रयास है, जो निःस्वार्थ भाव रखते हुए समाज हित में लगातार कार्य करना ही मानव जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

कुछ ऐसा ही कहना था ओसवाल फाउंडेशन ग्रुप के एमडी नरेश जैन जी का। बी एम ग्रुप के एमडी आलोक अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि जलसेवा से बड़ा पुण्य का कार्य तो है ही इसके द्वारा राहगीरों को शीतल व शुद्ध जल पिलाकर हम उन्हें डायरिया व डीहाइड्रेशन जैसी समस्या से बचा सकते हैं। वहीं प्रसादम उपाध्यक्ष विवेक मित्तल ने प्याऊ जैसे पुण्य कर्मों में लगे सभी मानवसेवी साथियों का सम्मान किया। एन एन आई वित्त निदेशक सुनील स्वतंत्र कुमार ने बताया की संजय प्लेस में सबसे ज्यादा संख्या में सर्विस क्लास, राहगीर, खरीदार व आमजन आते हैं। शहर के व्यस्ततम स्थलों पर न्यूज नेक्स्ट इंडिया ने शुरूआत से ही लोगो को शीतल जल का प्रबंध करने का संकल्प लिया है। इसी श्रंखला में जल्द ही और भी जगह इसी प्रकार शुद्ध व शीतल जल की प्याऊ शुरू की जाएगी। कार्यक्रम में सभी का आभार एनएनआई चेयरमैन सीए वीरेन मित्तल ने व्यक्त किया। उद्घाटन कार्यक्रम में बलराम गोयल ,सौरभ अग्रवाल ,शैलेन्द्र ,कन्हैया ,विपिन ,आर इस सेंगर आदि लोग उपस्थित रहे।

